# उच्च शिक्षा निदेशालय,उत्तराखण्ड

क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय परिसर, फैकल्टी लॉज, देहरादून– 248001

संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा

E-mail: jdhedehradun@gmail.com

पत्रांकः क्षे0का0 / 2058 / अ0प्रे0फा0स्कॉ0 / 2025–26 दिनांक : 16 सितम्बर, 2025

सेवा में,

समस्त कुलपति / कुलसचिव / प्राचार्य
समस्त उच्च शिक्षण संस्थान
उत्तराखण्ड।

**विषयः उत्तराखण्ड राज्य की बालिकाओं हेतु स्नातक / समकक्ष कक्षाओं में अध्ययन हेतु ''अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप'' प्रदान किये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तराखण्ड शासन के पत्रांकः 526 / व0नि0स0–स0उ0शि0–त0शि0 / 2025 दिनांक 11 सितम्बर, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 से उत्तराखण्ड राज्य की बालिकाओं हेतु स्नातक / समकक्ष कक्षाओं में अध्ययन हेतु **अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप** प्रदान करने की शुरूआत की गयी है, जिसके अन्तर्गत 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित विद्यार्थी के रूप में उत्तीर्ण व स्नातक उपाधि या डिप्लोमा (2–5 वर्ष की समयावधि वाले) के प्रथम वर्ष में (वर्ष 2025–26) में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश प्राप्त किया हो, का ₹30,000 / – (15000.00 x 2 किस्तो में) की वार्षिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस हेतु अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन पोर्टल की वैबसाइट https://azimpremjifoundation.org पर 30 सितम्बर, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

उक्त के क्रम में **अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप** के सम्बन्ध में दिनांक 20.09.2025 को प्रातः11.00 बजे वर्चुअल बैठक निर्धारित की गयी है। वर्चुअल बैठक हेतु लिंक निम्नवत् प्रेषित किया जा रहा है।

वर्चुअल बैठक हेतु लिंकः

https://ukedusat.webex.com/ukedusat/j.php?MTID=m3f00327fae522c9fb009f0a033bbb76b

अतः निवेदन है कि उक्त वर्चुअल बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः उक्तवत्।**

भवदीय

(प्रो0 ए0एस0 उनियाल) 16.09.2025
संयुक्त निदेशक

पृ0सं0: क्षे0का0 / —— / अ0प्रे0फा0स्कॉ0 / 2025–26 तद्दिनांकित

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. निदेशक (उच्च शिक्षा) उत्तराखण्ड हल्द्वानी (नैनीताल) ।
2. कार्यक्रम समन्वयक, अंबरीष सिंह बिष्ट।

(प्रो0 ए0एस0 उनियाल)
संयुक्त निदेशक

Scanned with OKEN Scanner

उत्तराखण्ड शासन
कार्यालय सचिव तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा
संख्या : 526 व0नि0स0–स0उ0शि0–त0शि0/2025
देहरादून : दिनांक 11 सितम्बर, 2025

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, हल्द्वानी।
2. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
3. कुलसचिव, श्री देव सुमन विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी।
4. कुलसचिव, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
5. कुलसचिव, दून विश्वविद्यालय, देहरादून।
6. कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, नैनीताल।
7. समस्त प्राचार्य, शासकीय/अशासकीय अनुदानित, महाविद्यालय उत्तराखण्ड।

कृपया राज्य प्रमुख, अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन, उत्तराखण्ड देहरादून के पत्र दिनांक 08 सितम्बर, 2025 (प्रतिसंलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें उनके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 से उत्तराखण्ड राज्य की बालिकाओं हेतु स्नातक/समकक्ष कक्षाओं में अध्ययन हेतु "अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" प्रदान करने की शुरूआत की गयी है, जिसके अन्तर्गत 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित विद्यार्थी के रूप में उत्तीर्ण व स्नातक उपाधि या डिप्लोमा (2–5 वर्ष की समयावधि वाले) के प्रथम वर्ष में (2025–26) में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश प्राप्त किया हो, को रू0 30,000/– की वार्षिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस हेतु समस्त दस्तावेजों के साथ Ajim Premji foundation portal/Website (https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azimpremji-scholership/) पर 30 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

उक्त के क्रम में समस्त को निर्देशित किया जाता है कि प्रथम वर्ष (स्नातक/डिप्लोमा) में प्रवेश लिये समस्त बालिकाओं/छात्राओं का पंजीकरण/आवेदन कराकर महाविद्यालयवार सूचना (प्रवेशित छात्राओं की संख्या/स्कॉलरशिप हेतु आवेदन/पंजीकृत छात्राओं की संख्या) अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें। इस हेतु डॉ0 आनन्द सिंह उनियाल, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग मो0नं0–9412084044 को राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

**संलग्नक : यथोपरि।**

(डॉ0 रंजीत कुमार सिन्हा)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

**संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1.प्रमुख सचिव/सचिव, विद्यालयी शिक्षा/स्वास्थ्य शिक्षा/समाज कल्याण/महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास/जनजाति विकास/अल्पसंख्यक कल्याण/पंचायती राज विभाग, उत्तराखण्ड शासन।

2.समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।

3.अपर सचिव, तकनीकी शिक्षा/उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।

4.डॉ0 आनन्द सिंह उनियाल, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग।

5.डॉ0 शैलेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल उत्तराखण्ड।

डॉ0 रंजीत कुमार सिन्हा)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

Azim Premji Foundation

47-3971 28
9/9/25

दिनाँक – 8 सितम्बर, 2025

प्रेषित,

मुख्य सचिव , महोदय

सचिवालय परिसर

उत्तराखंड शासन, देहरादून ।

प्रेषक,

राज्य प्रमुख

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन

उत्तराखंड , देहरादून

सचिव (उच्च शिक्षा)
For n/a & pl coordinate.
09/09/25
(आनन्द वर्द्धन)
मुख्य सचिव
उत्तराखण्ड शासन

**विषय- उत्तराखंड राज्य की बालिकाओं हेतु स्नातक / समकक्ष कक्षाओं में अध्ययन हेतु "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" प्रदान किए जाने संदर्भित।**

1991
10/9/25

महोदय,

AS 1/H.E.

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन राष्ट्रीय स्तर की एक अलाभकारी सामाजिक संस्था है, जो विगत दो दशकों से उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा विभाग के साथ एक साझा सहमति पत्र ( Umbrella MoU ) के तहत के समस्त 13 जनपदों के विकास खंडों में टीचर लर्निंग सेंटर ( TLC's ) के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। फ़ाउंडेशन शिक्षा विभाग के साथ राज्य , जनपद, विकास खंड, संकुल एवं विद्यालय स्तर पर साझा समझौते के तहत विभिन्न शैक्षिक गुणवत्ता के कार्यक्रमों में अकादमिक सहयोग कर रहा है। जिसमें हमारे मुख्य कार्य संकुल स्तरीय मासिक अकादमिक बैठकों में शैक्षिक अनुसमर्थन , विद्यालय स्तर पर शिक्षक अनुसमर्थन / सहयोग, शिक्षक - शिक्षा संस्थानों की क्षमता संवर्धन, निपुण - एफ एल एन कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं शिक्षण प्रशिक्षण साहित्य में सहयोग , पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तक निर्माण , राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा राष्ट्रीय एवं राज्य पाठ्यचर्या 2022- फाउंडेशनल एवं विद्यालयी शिक्षा पाठ्यचर्या दस्तावेज़ निर्माण ,राज्य पाठ्यचर्या निर्माण , शैक्षिक नेतृत्व प्रबंधन विकास प्रशिक्षण आदि कार्यों में सहयोग एवं क्रियान्वयन करना है।

डॉ० रंजीत कुमार सिन्हा
सचिव
तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा
उत्तराखण्ड शासन

महोदय , शैक्षणिक सत्र 2025-26 से फ़ाउंडेशन देश के 19 राज्यों / केंद्र शासित राज्यों में " अज़ीम प्रेमजी **स्कॉलरशिप" की शुरुआत करने जा रहा है उत्तराखंड राज्य को भी इस योजना में शामिल किया गया है उक्त स्कॉलरशिप की मुख्य बातें निमन्वत हैं।**

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन भारत में शिक्षा की गुणवत्ता व समान उपलब्धता में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल इसी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक और एक कदम है। अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल के तहत वंचित समुदाय / समाज / क्षेत्र की लड़कियों को कॉलेज शिक्षा हासिल करने के लिए मदद की जायेगी। इस स्कॉलरशिप के तहत स्नातक अथवा समकक्ष की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद के तौर पर **वार्षिक 30,000 ( रुपये तीस हजार मात्र )** की होगी। यह स्कॉलरशिप छात्राओं के पहले ग्रेजुएशन के लिए डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक उपलब्ध कराई जाएगी।



Scanned with OKEN Scanner

Azim Premji Foundation

पात्रता हेतु जिन छात्राओं ने:-

- स्थानीय राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय / राजकीय इंटर कॉलेज **से 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित विद्यार्थी** के रूप में उत्तीर्ण होना **अनिवार्य** है।
- इसके साथ ही, आवेदन के समय भारत में कहीं भी राजकीय संस्थान या विश्वसनीय प्रामाणिक निजी कॉलेज या **विश्वविद्यालय के मान्यता प्राप्त स्नातक उपाधि या डिप्लोमा** (2 से 5 वर्षों की समयावधि वाले) के **प्रथम वर्ष** (2025-26 के अकादमिक सत्र) में **नियमित छात्रा** के रूप में प्रवेश प्राप्त किया होना चाहिए।

" अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" हेतु अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए दो चरणों में आवेदन किया जा सकता है –
**प्रथम चरण – 10 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक**
**द्वितीय चरण – 10 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक**
उत्तराखंड राज्य में लगभग नौ विभागों द्वारा बालिकाओं की स्नातक अथवा समकक्ष स्तरीय शिक्षा हेतु नियमानुसार चयनित / पात्र छात्राओं को ही स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है, "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" पात्रता शर्तों के अनुसार सभी पात्र बालिकाओं को स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।
महोदय , उक्त स्कॉलरशिप सूचना संचार हेतु निम्नवत बिन्दुओं पर आपकी सहमति अपेक्षित है –

1. संदर्भित सभी विभागों के सचिव / विभाग प्रमुखों के साथ एक बैठक का आयोजन करना प्रस्तावित है|
2. समस्त जिला अधिकारियों को उक्त स्कॉलरशिप संदर्भित पत्र प्रेषण अपेक्षा।
3. "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" हेतु राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी को नामित करने की अपेक्षा ताकि यथासमय सूचना, अध्यतन स्थिति एवं समन्वयन बना रहे।

अत: महोदय से निवेदन है कि राज्य हित में राजकीय विद्यालयों / महाविद्यालयों / संस्थानों में अध्ययनरत बालिकाओं की स्नातक स्तरीय / समकक्ष शिक्षा को पूर्ण करने की दिशा में अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन की " अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" महवपूर्ण योजना के क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की कृपा कीजिएगा।

सहयोग की अपेक्षा के साथ सादर धन्यवाद।

(शोभन सिंह नेगी)
राज्य प्रमुख
अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन
उत्तराखंड , देहरादून


कार्यक्रम समन्वयक – अंबरीष सिंह बिष्ट , मोबाइल नंबर – 9456591201 / 8077557032
ई-मेल – ambrish@azimpremjifoundation.org

संलग्न – अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप संदर्भित ब्रोशचर, एवं संदर्भित विभागों की सूची।



Scanned with OKEN Scanner

Azim Premji Foundation




# अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप

छात्राओं के लिए ₹30,000 की सालाना स्कॉलरशिप

Azim Premji Foundation

अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप एक पहल है जिसका उद्देश्य ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करना है।

**स्कॉलरशिप**

- सालाना ₹30,000 जिसका उपयोग ट्यूशन फीस या शिक्षा-संबंधी किसी अन्य खर्च के लिए किया जा सकता है
- यह स्कॉलरशिप पहले स्नातक पाठ्यक्रम (डिग्री या डिप्लोमा) की संपूर्ण अवधि के लिए दी जाएगी।

**पात्रता**

- **कक्षा 10वी और कक्षा 12वी** दोनों की पढ़ाई किसी सरकारी स्कूल से नियमित छात्रा के रूप में पूरी की हो। यह स्कूल नीचे बताए गए राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में होना चाहिए।
- शैक्षणिक सत्र 2025–26 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि: 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में हो सकता है।

**राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश**

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड

**आवेदन अवधि**

- **पहला चरण:** 10 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025
- **दूसरा चरण:** 10 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026

आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। सभी आवेदन केवल हमारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किये जाएंगे।

**आवश्यक दस्तावेज**

सभी आवेदिकाओं को नीचे दिए गए दस्तावेजों की साफ तौर पर पढ़ने योग्य, स्पष्ट और रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी:

1) पासपोर्ट साइज़ फोटो (साधारण पृष्ठभूमि, पिछले 6 महीने में खींची गई)
2) हस्ताक्षर
3) आधार कार्ड
4) बैंक खाता विवरण (निम्न में से कोई एक)
   - पासबुक, या
   - पिछले एक महीने का बैंक स्टेटमेंट
5) कक्षा 10 की मूल मार्कशीट
6) कक्षा 12 की मूल मार्कशीट
7) प्रवेश का प्रमाण (निम्न में से कोई एक)
   - बोनाफाइड प्रमाणपत्र, या
   - ट्यूशन फीस रसीद

नोट: सभी सॉफ्ट कॉपी PDF/JPG/PNG फॉर्मेट में होनी चाहिए।
इन फाइल्स का साइज़ 30KB से 500KB के बीच में होना चाहिए।

स्कैन करके आवेदन करें